झारखण्ड देखो

# Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 01 • अंक 270 • पृष्ठ 6 • शुक्रवार 08 अक्टूबर 2021 Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com









## संक्षिप्त समाचार

### कल्पना भी नहीं की थी मुख्यमंत्री और फिर पीएम पद पर पहुंचने की: मोदी

**नई दिल्ली/।** अपने पिछले 20 साल के सफर को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि शीर्ष पदों पर पहुंचने की कल्पना भी उन्होंने कभी नहीं की थी । ऋषिकेश एम्स से देशभर में आक्सीजन संयंत्रों का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज के ही दिन 20 साल पहले उन्हें जनता की सेवा का दायित्व मिला था । उन्होंने कहा, ' लोगों की सेवा करने की मेरी यात्रा तो कई दशक पहले शुरू हो चुकी थी लेकिन आज से 20 वर्ष पूर्व गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मुझे नई जिम्मेदारी मिली थी ।' मोदी ने कहा कि वैसे यह भी एक संयोग है कि उत्तराखंड का गठन 2000 में हुआ और उनकी यह यात्रा इसके कुछ माह बाद 2001 में शुरू हुई। उन्होंने कहा, सरकार के मुखिया के तौर पर पहले मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री पद पर पहुंचना, इसकी कल्पना भी मैंने कभी नहीं की थी।

## सुविचार

लोग चाहे मुट्ठी भर हों, लेकिन संकल्पवान हों, अपने लक्ष्य में दृढ आस्था हो, वे इतिहास को भी बदल सकते हैं

- **महात्मा गाँधी**

## बिजनेस

**बीएसई सेंसेक्स**

59,677.83+488.10 (0.82%)

**निफ्टी 50**

17,790.35+144.35 (0.82%)

## दैनिक पंचांग

| | |
|---|---|
| दिनः | शुक्रवार |
| मास पूर्णिमांतः | आश्विन |
| पक्षः | शुक्ल |
| तिथिः द्वितीया - | 10:50:47 तक |
| नक्षत्रः स्वाति - | 18:59:55 तक |
| योगः विश्कुम्भ - | 22:02:51 तक |
| सूर्योदयः | 06:16:56 AM |
| सूर्यास्तः | 18:00:46 PM |
| चन्द्रमाः | तुला राशि |
| द्रिक ऋतुः | शरद |
| राहुकालः | 10:40:48 से 12:08:35 |

## लखीमपुर हिंसा :

# लवकुश और आशीष पांडेय की, पहचान के बाद हुई गिरफ्तारी

**लखीमपुर/एजेंसी।**

लखीमपुर हिंसा मामले में गुरुवार को दो गिरफ्तारी हुई है। लवकुश और आशीष पांडेय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पहले दोनों अज्ञात में थे, अब पहचान कर गिरफ्तारी हुई है।

कृषि कानूनों और केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी की टिप्पणी का विरोध कर रहे किसानों और मंत्री के बेटे के काफिले के बीच रविवार को हिंसक टकराव हो गया था। लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कस्बे में हुए बवाल के दौरान मंत्री के बेटे आशीष मिश्र की गाड़ी से कुचलकर चार किसानों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। जानबूझकर गाड़ी चढ़ाने का आरोप लगाते हुए गुस्साए किसानों ने मंत्री के बेटे की गाड़ियों में तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी। किसानों के मुताबिक, मंत्री के बेटे ने खेतों में भागकर जान बचाई, लेकिन इस दौरान हुई पिटाई से चालक सहित और तीन भाजपाइयों की भी मौत हो गई। दस से ज्यादा घायल किसानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं, लखीमपुर खीरी कांड में स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार से कहा कि वह एक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे कि आठ लोगों की हत्या से संबंधित मामले में किसे आरोपी बनाया गया है और क्या उन्हें गिरफ्तार किया गया है या नहीं? चीफ जस्टिस एनवी रमन्ना, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हिमा कोहली की पीठ ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए यूपी सरकार से शुक्रवार तक इस मामले से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर पूरा ब्यौरा पेश करने के लिए कहा है। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश एडिशनल एडवोकेट जनरल गरिमा प्रसाद ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब देते हुए कहा कि एक विशेष जांच दल और एक न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है। चीफ जस्टिस ने यूपी सरकार से कहा, 'शिकायत है कि आप ठीक से जांच नहीं कर रहे हैं। दो वकीलों द्वारा दिए गए लेटर पिटीशन में कहा गया है कि आठ लोगों, किसानों और पत्रकारों की हत्या की गई है। हमें यह जानने की जरूरत है किन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और क्या उन्हें गिरफ्तार किया गया है?



### सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, कल होगी सुनवाई

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

लखीमपुर खीरी हिंसा मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान ले लिया है और अब कल इसकी सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस रमणा की बैंच इस मामले की सुनवाई करेगी। बता दें कि लखीमपुर खीरी हिंसा में चार किसानों समेत 8 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा टेनी के बेटे आशिश मिश्रा पर किसानों को अपनी गाड़ी से कुचलने का आरोप है। इसके साथ जिस तरह से सरकार ने विपक्षी दलों के नेताओं को पीड़ित परिवार से नहीं मिलने दिया, उससे भी प्रदेश में माहौल गर्म रहा। वहीं, आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने को लेकर यूपी पुलिस पर भी सवाल उठने शुरू हो गए हैं। किसानों का गुस्सा इस मसले पर शांत नहीं है।

## बीजेपी को झटका!

### जो भी हूं ममता बनर्जी की वजह से हूं: सब्यसाची

**कोलकाता/एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सब्यसाची दत्ता दोबारा तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गये हैं। गुरुवार को सब्यसाची दत्ता ने विधानसभा में पहले सीएम ममता बनर्जी के साथ मुलाकात की। उसके बाद मंत्री और महासचिव पार्थ चटर्जी के कक्ष में टीएमसी में शामिल हो गए। यहां बता दें कि 2019 में दुर्गा पूजा से पहले सब्यसाची दत्ता ने टीएमसी का दामन छोड़कर बीजेपी जॉइन कर ली थी। सब्यसाची दत्ता ने विधाननगर के पूर्व मेयर भी रह चुके हैं। अब तक बीजेपी के कई नेता तृणमूल कांग्रेस में वापसी कर चुके हैं। इनमें मुकुल रॉय, बिष्णुपुर के विधायक तन्मय घोष, कालियांगज के विधायक सौमेन रॉय, बागड़ा से एमएलए बिश्वजीत दास का नाम प्रमुख है।

तृणमूल कांग्रेस में वापस जाने के बाद सब्यसाची दत्ता ने कहा, 'मैं जो कुछ भी हूं या जो कुछ भी मुझे मिला है वो सिर्फ ममता बनर्जी की आशीर्वाद से हूं।' उन्होंने कहा कि कुछ गलतफहमियां हो गई थीं जिसकी वजह से मैंने टीएमसी छोड़ा था। टीएमसी में दत्ता की वापसी की अटकलें पिछले कुछ सप्ताह से चल रही थीं।












## बढ़ाया गया ग्रामीण अर्थव्यवस्था की ताकत को

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से पहले ही हेमंत सोरेन ने पीएसी ऑक्सीजन संयंत्र का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली /एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बृहस्पतिवार को पूरे देश में एक साथ 'पीएसए' ऑक्सीजन संयंत्रों का उद्घाटन होना था, लेकिन इससे एक दिन पहले बुधवार को ही यहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदर अस्पताल रांची में नवअधिष्ठापित 100 लीटर प्रति मिनट क्षमता वाले 'पीएसए' ऑक्सीजन संयंत्र का उद्घाटन कर दिया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके मंत्रिमंडल सहयोगी बन्ना गुप्ता ने बुधवार को यहां सदर अस्पताल रांची में नवअधिष्ठापित 100 लीटर प्रति मिनट क्षमता वाले 'पीएसए ऑक्सीजन प्लांट' का उद्घाटन किया, साथ ही 'पीएम केयर्स फंड' से पूरे राज्य में नवनिर्मित 'प्रेशर स्विग अब्जॉर्प्शन' (पीएसए संयंत्रों) का उद्घाटन भी बुधवार को ही विभिन्न जिलों के उपायुक्तों ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ ऑनलाइन एक कार्यक्रम में कर दिया।

प्रधानमंत्री बृहस्पतिवार को देश के 35 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में कुल 35 'पीएसए' संयंत्रों का एम्स उत्तराखंड से ऑनलाइन एक कार्यक्रम में उद्घाटन करेंगे, लेकिन यहां मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री ने एक दिन पहले इनका उद्घाटन करके एक बड़े विवाद को जन्म दे दिया है।

मुख्य विपक्षी दल भाजपा के नेता आदित्य साहू ने कहा कि राज्य के सत्ता पक्ष के ये कारनामे उनकी नीति और नियत को फिर से उजागर करते हैं।






JOB

Immediately Required
Franchise / Mitr Sewak
for working on following services on commission basis:-

- Amazon Easy store
- Mitr Digi Portal ( AEPS, , DMT, ATM, RECHARGE, BILL PAYMENTS etc.)
- Online Bima for all major Bima Companies
- Online E-Store for E-Commerce
- Mutual fund, Tax filling, NPS, Share, Demat / online Trading
- Othere services

Registration Charges 2000+GST

Income opportunity of
Rs. 40,000-60,000 with les investment

Mitr Sewa Pvt. Ltd.
Vikas Sabke Dwaar

Immediately contact
Shri : Manoj Kumar
Post : Area Manager, Mitr Sewa Foundations
Mob : 9151005283, 9006469840
Email : manoj.kumar@mitrsewa.in

## संक्षिप्त समाचार

### लापता महिला का शव सालदाहा जंगल में मिला, पुलिस ने 2 आरोपियों को पकड़ा, भेजा जेल



**दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** जिला के काठीकुंड थाना में 22 सितंबर को एक महिला की गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया गया था। महिला का नाम दुर्गी महारानी था। लापता महिला की लाश सालदहा जंगल में मिली। दुमका पुलिस ने अब मामले का उद्भेदन करने का दावा किया है। एसपी अंबर लकड़ा ने बताया कि मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।दुमका के पुलिस अधीक्षक अंबर लकड़ा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का नाम मोहन देहरी और बाबूराम देहरी है। बकौल एसपी अंबर लकड़ा अभियुक्तों ने महिला की हत्या की बात कबूल कर ली है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि आपसी विवाद में घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस अधीक्षक अंबर लकड़ा ने बताया कि महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवाई गई थी। एसडीपीओ नूर-मुस्तफा के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई जो महिला की तलाश कर रही थी। जांच के दौरान पता चला कि महिला की हत्या कर उसके शव को सालदाहा जंगल में छिपा दिया गया है। पुलिस का कहना है कि छोटा सा आपसी विवाद कत्ल की वारदात तक पहुंच गया।

### बच्चो के बीच निःशुल्क पाठ्यक्रम सामग्री का वितरण



**दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** हथियापाथर गांव में स्वयंसेवक एवं सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा पढ़ेगा इंडिया और आगे बढ़ेगा इंडिया के तहत गांव के बच्चों के लिए कुछ लाभदायक हो और उन्हें बेहतर शिक्षा देने में मददगार प्रयास किया जा रहा है। शिक्षा एक मात्र ऐसा रास्ता है जो देश को उन्नति की तरफ ले जाता है और हमारी सोच को सही दिशा में प्रभावित करते हैं.देश में कई ऐसे जगह है जहां लोग शिक्षा से वंचित है.इन बातों को ध्यान में रखते हुए दुमका जिला आदिवासी गांव में निःशुल्क में पाठ्यक्रम सामग्री एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर मिठाई का वितरण किया गया ।मोके पर देवनाथ साहा ,दीपक राय,सुमना वराट , शिल्पा मंडल, साहिल कुमार, देव आर्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# डीसी एवं एसपी के निर्देश के बाद भी चल रहा है पत्थर का अवैध उत्खनन

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )

**दुमका।** जिले में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए उपायुक्त दुमका एवं पुलिस अधीक्षक दुमका द्वारा संयुक्त रुप से थाना प्रभारियों एवं अंचल अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए गए निर्देश का असर शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 दिनों बाद भी सर जमीन पर नहीं दिखाई दे रहा है. हालांकि जरमुंडी अंचल अधिकारी द्वारा भारी मात्रा में बालू जब्ती कर आदेश का अनुपालन शुरू कर दिया गया है। पत्थर, बालू एवं कोयला का अवैध उत्खनन परिवहन जिले में सबसे अधिक शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत किया जाता है, लेकिन यहां के पदाधिकारी एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करने में ही अपना दायित्व का निर्वहन समझते हैं.तत्कालीन अंचलाधिकारी अमृता कुमारी ने शिकारीपाड़ा अंचल के मौजा मकड़ा पहाड़ी प्लॉट नंबर 772 रकबा 118 बीघा जो गोचर भूमि है में अवैध पत्थर उत्खनन करने वालों के विरुद्ध 2020 में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी, लेकिन गोचर भूमि में पत्थर का अवैध उत्खनन बंद नहीं हुआ आज भी गोचर भूमि से पत्थर का अवैध उत्खनन अनवरत जारी है। एक महीने पूर्व मकड़ा पहाड़ी की ग्रामीण महिलाओं ने थाना पहुंचकर गोचर एवं खास भूमि में चल रही अवैध खदानों को बंद कराने के लिए गुहार लगाई थी. शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान समय में लगभग 200 पत्थर की अवैध खदानें संचालित हो रही है जिसे देखने वाला कोई नहीं है, जबकि 16 सितंबर 2021 को पुलिस अधीक्षक एवं उपायुक्त दुमका ने जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं अंचल अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है लेकिन उसका कोई असर नहीं दिख रहा है।अंचल अधिकारी राजू कमल कहते हैं कि उपायुक्त के निर्देश का पूर्णतः पालन किया जाएगा, किसी भी हालत में अवैध खनन एवं परिवहन की छूट नहीं दी जाएगी.मौजा मकड़ा पहाड़ी के गोचर भूमि में अब पुलिस को कार्रवाई करनी है क्योंकि अंचल अधिकारी द्वारा पूर्व में ही प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुशील कुमार कहते हैं कि वर्तमान समय में मेन पावर की कमी है जिसके कारण कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

## कोविड-19 के नियमों का अनुपालन कराने का निदेश

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )



**दुमका।** उपायुक्त के निदेशानुसार दुमका प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा एवं मुफसिल थाना, दुमका के एएसआई विरेन्दर कुमार द्वारा मुफसिल थाना क्षेत्रा अन्तर्गत विभिन्न स्थानों, जामदली, कुमड़ाबाद, आसनसोल, कुरूवा सृष्टि पहाड़, बेहराबॉक और मोरटंगा स्थित केवट पाड़ा के पुजा स्थलों का निरीक्षण किया गया। पुजा समिति के साथ बात-चीत कर सरकार द्वारा और जिला प्रशासन द्वारा दुर्गापुजा मनाने संबंधी निदेशों का अनुपालन करने का निदेश दिया गया। किसी भी प्रकार का सांस्कृतिक कार्यक्रम, डीजे, मेला आदि नहीं लगाने का निदेश दिया गया। साथ ही पुजा पंडालों में एक ही समय में ज्यादा भीड़ न हो इसके लिए पुजा कमिटी के भोलेनटियर के माध्यम से कोविड-19 के नियमों का अनुपालन कराने का निदेश दिया गया।

## भाजपा का सेवा और समर्पण अभियान का हुआ समापन

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )




**दुमका।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा और समर्पण अभियान दुमका में 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलाया गया.जिसका समापन समारोह दुमका नगर के मारवाड़ी चौक पर स्टॉल लगाकर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को आमजनों द्वारा पोस्ट कार्ड के माध्यम से उन्हें जन्मदिन की बधाई दी गई एवं कोविड-19 वैष्विक महामारी के समय प्रधानमंत्री जी द्वारा गरीबों के लिए कल्याण अन्न योजना के माध्यम से अनाज का मुफ्त वितरण करवाया गया एवं विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के लिए आभार प्रकट की गई । कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा एवं झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी उपस्थित हुई।कार्यक्रम मैं अमरेंद्र सिंह मुन्ना,अजय गुप्ता,मृणाल मिश्रा,धर्मेंद्र सिंह बिट्टू,ओम केसरी,नीतू झा,अजय पाठक,अपर्णा झा,रविंद्र बास्की,मो कबीर शामिल हुए।

### रसिकपुर में आरंभ हुआ कैरम क्लब

## अनुशासित रहकर निरंतर अभ्यास से हासिल की जा सकती है बड़ी उपलब्धि: उमाशंकर

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )




**दुमका।** बेहद लोकप्रिय इंडोर खेलों में से एक कैरम बोर्ड के खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए दुमका के रसिकपुर मोहल्ले में सिंहवाहिनी मंदिर के पास गुरुवार को यश कैरम क्लब का विधिवत शुभारंभ हुआ.मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद जिला खेलकूद संघ के सचिव उमाशंकर चौबे ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया. अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि दुमका के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है.आवशयकता है, निरंतर अभ्यास कर अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए उस पर संपूर्ण ध्यान केंद्रित करने की.कहा कि पूर्व में भी दुमका के खिलाड़ियों ने कैरम के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान कायम की है.यस कैरम क्लब के खिलाड़ी भी निरंतर अभ्यास कर अपने खेल कौशल को निखारते रहें तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान कायम कर दुमका और झारखंड को गौरवान्वित करें.अवसर पर जिला कैरम बोर्ड संघ के सचिव चंदन झा ने भी सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला संघ तमाम खिलाड़ियों को उनके खेल कौशल को निखारने हेतु तकनीकी और अन्य सहायता निरंतर मुहैया कराता रहेगा.जिला खेलकूद संघ के संयुक्त सचिव निमायकांत झा , कैरम संघ के विशवास चौधरी,सोनल लायक आदि ने भी सदस्यों को अपनी शुभकामनायें दी.

उद्घाटन समारोह में क्लब के निदेशक और मुख्य प्रशिक्षक विवेक कुमार आनंद,क्लब की अध्यक्ष गुड्डी देवी, उपाध्यक्ष नितीश कुमार, सचिव सुमन कुमार, संयुक सचिव नवनीत कुमार आदि उपस्थित थे।

### एसआइआरबी में कार्यरत महिला आरक्षी ने सहकर्मी पर लगाया यौन शोषण का आरोप, आरोपी गिरफ्तार

**दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** जिला के नकटी स्थित एसआइआरबी में कार्यरत महिला आरक्षी ने अपने सहकर्मी पर पिछले तीन साल से शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए महिला थाना में शिकायत दर्ज कराया है। महिला आरक्षी की शिकायत के बाद आरोपी जवान नवीन मालतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महिला आरक्षी ने अपनी शिकायत में एसआइआरबी में कार्यरत गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी के रहने वाले जवान नवीन मालतो पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी साल 2018 से उसके साथ एसपी कॉलेज के पास स्थित एक किराये के मकान में रहता था। आरोपी ने महिला आरक्षी का वीडियो बनाकर लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पीड़ित ने अपने साथ अप्राकृतिक यौनाचार की भी शिकायत की है। इसके अलावे आरोपी ने पीड़ित का बैंक पास बुक और एटीएम भी अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान महिला के बैंक एकाउंट से 6 लाख रुपये भी निकाल लिए। महिला आरक्षी की शिकायत के बाद आरोपी जवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## पासिंग गिरोह के संरक्षण में बेरोकटोक जारी है पत्थर का अवैध उत्खनन

### किसी भी सूरत में नहीं होने दिया जाएगा पासिंग एवं पत्थर चिप्स का अवैध कारोबार: नलिन सोरेन

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )



**दुमका।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत पत्थर का अवैध उत्खनन एवं परिवहन रुकने का नाम नहीं ले रहा है जिसके कारण बड़े पैमाने पर राजस्व की क्षति हो रही है.बगैर कागजात के क्षमता से अधिक पत्थर चिप्स एवं पत्थर लादकर बाहर भेजने के कार्य में पासिंग गिरोह पूर्ण रूप से सक्रिय है.यह गिरोह वर्तमान समय में शिकारीपाड़ा महाविद्यालय के निकट के लाइन होटलों से मोबाइल द्वारा संचालित किया जा रहा है. पासिंगकर्ताओं के पास ट्रक चालकों का मोबाइल नंबर रहता है और उसी पर उन्हें निर्देश दिया जाता है कि उन्हें गाड़ी लेकर आगे बढ़ना है या किसी लाइन होटल में खड़े होकर आदेश का इंतजार करना है.पासिंग को लेकर ही शिकारीपाड़ा में सहायक अवर निरीक्षक के साथ गिरोह का झगड़ा हुआ था, जिसमें ट्रक चालक ने कहा था कि जब पासिंग का पैसा देते हैं तो आपको किस चीज का पैसा दे.उक्त मामले में ट्रक चालक एवं खलासी को जेल यात्रा भी करनी पड़ी है.इतना होने के बावजूद पासिंग का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है. ज्ञात हो कि 16 सितंबर 2021 को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक दुमका ने सभी अंचलाधिकारीयो एवं थाना प्रभारीयों के साथ बैठक कर यह स्पष्ट निर्देश दिया था कि किसी भी हालत में अवैध परिवहन को रोकना है.यहां बताते चलें कि शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र से ही पत्थर चिप्स का परिवहन शुरू होता है. उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद से अबतक शिकारीपाड़ा प्रशासन द्वारा एक भी ट्रक जब्त नहीं किया गया है, जबकि जामा थाना एवं हंसडीहा थाने में अवैध पत्थर चिप्स परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है. इस स्थिति में स्थानीय प्रशासन का पासिंगकर्ताओं के साथ संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में स्थानीय विधायक नलिन सोरेन से पूछने पर उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में पासिंग का कारोबार एवं बगैर राजस्व दिए पत्थर एवं पत्थर चिप्स का परिवहन हो रहा है इसकी जानकारी मुझे नहीं थी.इस कार्य को किसी भी सूरत में करने की इजाजत नहीं दी जाएगी.मैं स्वयं इस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के लिए जिला प्रशासन के पदाधिकारियों से बात करूंगा कि अवैध कारोबार पर लगाम लगाया जाए.ताकि झारखंड सरकार को राजस्व की क्षति नहीं हो।

## 10 प्रखण्डों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )

**दुमका।** नालसा एवं झालसा के निर्देष पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में अमृत महोत्सव के अवसर पर दुमका जिले के सभी 10 प्रखण्डों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। 07 अक्टूबर को प्राधिकार के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधी दुमका पीयूश कुमार एवं सचिव, विष्वनाथ भगत के मार्ग दर्षन पर पैनल अधिवक्ता, पीएलभी, जिले के सुदुरवर्ती पंचायतों एवं गांव-गांव जाकर ग्रामीणों के बीच विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पर नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं उनके कर्त्तव्य के बारे में, नालसा के 10 योजना, सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं, प्राधिकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही निःषुल्क विधिक सहायता, लोक अदालतों के माध्यम से समझौता द्वारा वाद का निश्पादन कराने, पीड़ित व्यक्तियों को मुआवजा दिलवाने, गिरफ्तार होने के बाद अपने अधिकारों को जानने के लिए रिमाण्ड अधिवक्ता से परामर्ष करने सहित लोगों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिले के काठीकुंड प्रखण्ड में प्राधिकार के सचिव विष्वनाथ भगत, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी,सी डी पी ओ काठीकुंड ,रिटेनर लॉयर प्रशांत कुमार , पैनल अधिवक्ता, तथा पीएलभी के द्वारा कार्यक्रम में जिला विधिक प्राधिकार से मिलने वाली सुविधा ,राज्य की भिविन्न योजनाओं तथा असंगठित मजदूरों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बिस्तार से जानकारी दी गई। द जानकारी दी गयी, तथा पम्पलेट का वितरण कर लोगों से आवेदन लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कांगेस कमिटी के द्वारा विशेष कैंप का आयोजन

**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिणि।** प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मंसारुल हक द्वारा आज आपूर्ति विभाग द्वारा विशेष वितरण कैंप के मद्देनजर कांग्रेस भवन पाकुड़ में बैठक बुलाई. जिसमें कल होने वाले कैंप के विषय में चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी सेमिनुल इस्लाम, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अफजल हुसैन, जिला उपाध्यक्ष गुलाम अहमद, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शाहीन परवेज, जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन, जिला महासचिव बलई सरकार, जिला सचिव असलम अंसारी, जिला सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर नलिन मिश्रा, झिकरहट्टी पूर्वी अध्यक्ष नजरूल इस्लाम, मो सेराजुद्दीन, मो आसिफ अली, सद्दाम हुसैन, मो जहीरुल इस्लाम, तोजामुल शेख, अब्दुल बसीर, रफीउद्दीन शेख, मंसूर अली, फिरोज अली, मेनारुल हक आदि मौजूद थे।

### कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र की शुरुआत प्रथम दिन माता के नौ रूपों में पहला शैल पुत्री की पूजा

- **कोरोना के मद्देनजर मंदिर कमिटी के अपेक्षाकृत भक्तों की भीड़ रही कम**

**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** कलश स्थापना के साथ गुरुवार से शारदीय नवरात्र की शुरुआत हुई। समस्त मंदिरों, पूजा पंडालों में विधि विधान से कलश स्थापना कर माता की प्रथम रूपी शैल पुत्री की आराधना की जा रही है। अमड़ापाड़ा प्रखंड के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में अलग ही उत्साह और उमंग भक्तों में दिखाई दे रहा है। माँ के दरबार को फूलों से और मन्दिर को लाइट से सजाया गया है। कोरोना महामारी को देखते हुए मंदिर कमिटी सरकारी गाइडलाइन के तहत ही मंदिर में भक्तों को माता का दर्शन करा रही है। सरकारी गाइड लाइन का पालन करते हुए फुल माला, प्रसाद, नारियल मन्दिर मे पूजा पाठ की गई. मास्क एवं सोशल दूरी का पालन अनिवार्य किया गया है. भक्तों की सुविधा के लिये पूरी मन्दिर कमिटी समिति के सदस्य अपनी सेवा दे रहे हैं।

### भोजपुर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र से जेट पंप की चोरी

**देवघर /झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** 202 देवीपुर थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव के कोड 101 आंगनबाड़ी केंद्र 1 से अज्ञात चोरों ने विगत रात्रि में जेड पंप की चोरी का एक मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार भोजपुर निवासी पूनम शर्मा आंगनवाड़ी केंद्र में सेविका के पद पर वर्तमान में कार्यरत हैं। बीते बुधवार को जब दिन के 10:00 बजे अपने सहायिका उषा देवी के साथ आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंची। तत्पश्चात उन्होंने उक्त केंद्र के एक दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया। जिससे वह घबराकर सेविका के साथ ही उक्त कमरे के भीतर गई तो वहां पूर्व से लगा हुआ जेट पंप गायब पाया। दोनों ने आसपास के जगहों में काफी खोजबीन किया। कहीं भी पता नहीं चलने पर उन्होंने इस घटना की लिखित शिकायत देवीपुर थाना की पुलिस को दी। जिसमें जिक्र किया गया है कि अज्ञात चोरों के द्वारा जेट पंप की चोरी कर ली गई है जिसके तहत इस घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात चोरों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन में जुटी।

### ट्रेन का परिचालन शुरू कराने की केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वार्ष्णेय से मांग

**देवघर /झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार ने केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वार्ष्णेय से पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू कराने की मांग की है। श्री कुमार ने कहा कि उक्त ट्रेन के परिचालन के बंद रहने से रांची से भाया जसीडीह होते हुए पटना जाने वाले यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जनहित एवं यात्रियों के व्यापक हितों को देखते हुए उक्त उपयोगी एवं सुविधाजनक ट्रेन (पाटलिपुत्र एक्सप्रेस) का परिचालन अति आवश्यक है।

### बेला बागान बालक संग सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ने सौ साल पुरा किया



**देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** बेला बागान बालक संग सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जिसकी स्थापना स्वर्गीय शिव काली सोम के द्वारा 1922 में किया गया, 2021 मे पूजा समिति ने सौ साल पुरा किया है । इस उपलक्ष में इस बार समिति के द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाला गया जिसका मुख्य उद्देश्य शांति, खुशहाली और सभी स्वस्थ रहें यही था।। कलश यात्रा में मोहल्ले की 108 महिलाओं ने भाग लिया जो डरवा नदी से जल भरकर मंदिर में ही समाप्त किया गया।। इस पूजा को सफल बनाने में बालक संघ के सभी सदस्य लगे हुए हैं।

# पत्र के माध्यम से अमड़ापाड़ा प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भेजी पीएम को शुभकामनाएं

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**पाकुड़।** गुरुवार को सेवा समर्पण कार्यक्रम के तहत देश के सर्वप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की शुभकामनाएं पत्र के माध्यम से अमड़ापाड़ा प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भेजी। प्रधानमंत्री का पोस्टकार्ड द्वारा पत्र के माध्यम से बधाई कार्यक्रम कार्यकर्ताओं ने चरणबद्ध तरीके से चला रहें हैं। प्रदेश नेतृत्व व जिला नेतृत्व के निर्देश पर मण्डल अध्यक्ष राकेश कुमार दास की अध्यक्षता में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता ईश्वर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य व सुदीर्घ जीवन की कामना करतें हैं। मोदी ने न सिर्फ देश को समय से आगे सोचने और परिश्रम की पराकाष्ठा से संकल्प को सिद्ध करने की सोच दी बल्कि उसको चरितार्थ करके भी दिखाया। मोदी के रूप में देश को एक ऐसा सशक्त व निर्णायक नेतृत्व मिला है, जिसने दशकों से अपने अधिकारों से वंचित करोड़ों गरीबों को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर न सिर्फ उन्हें समाज में गरिमामयी जीवन दिया बल्कि अपने अथक परिश्रम से विश्वभर को यह दिखाया कि एक प्रजावत्सल नेतृत्व कैसा होता है।मोदी जी ने सुरक्षा, गरीब-कल्याण, विकास व ऐतिहासिक सुधारों के समांतर समन्वय का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।मोदी जी के संकल्प व समर्पण ने देशवासियों में एक नई ऊर्जा व आत्मविश्वास पैदा किया है, जिससे आज देश नित नए कीर्तिमान स्थापित कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।मोदी जी के जीवन का क्षण-क्षण गरीबों, किसानों व वंचितों की सेवा में समर्पित है।मैं सभी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूँ कि आप मोदी जी के जन्मदिवस पर चलाए जा रहे सेवा समर्पण के अंतर्गत सेवा कार्यों में भाग लें और साथ ही भाजपा सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। पत्र लेखन में आज विशेष रूप से किसान मोर्चा जिला मंत्री सुनील मण्डल, वरिष्ठ कार्यकर्ता ओम प्रकाश गिरी, मीडिया प्रभारी धीरज कुमार, राजेश कुमार, भरत कुमार, नंदू कुमार, रोहित कुमार, मनोज तुरी समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## घरेलू विवाद में पति-पत्नी ने पत्थर खदान में लगाई छलांग, पति की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**पाकुड़।** घरेलू विवाद में पति पत्नी ने पत्थर खदान में छलांग लगा दी। जिससे पति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे नाजुक हालत में ससदर अस्पताल ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। परिजन इलाज के लिए पश्चिम बंगाल लेकर गया है। घटना मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र के रामनगर का है। जहां बंद पड़े पत्थर खदान में दोनों कूद गए। घटना में मृतक की पहचान पप्पू रिकियाशन (22 वर्ष) एवं घायल पत्नी पद्दो कर्मकार (20 वर्ष) के रूप में की गई है। दोनों पास के ही बाहिरग्राम गांव का निवासी बताया गया। मिली जानकारी के मुताबिक दोनों ने एक साल पहले प्रेम विवाह किया था। पप्पू और पद्दो बाहिरग्राम में एक ही मोहल्ले में रहते थे। दोनों की प्रेम विवाह से परिजन खुश नहीं थे। पप्पू और पद्दो के परिजन इस शादी से नाराज चल रहे थे। एक साल से बीच-बीच में विवाद होता रहा। इसी बीच गुरुवार को दोनों ने घरेलू विवाद से तंग आकर यह कदम उठाया। दोपहर करीब 12:00 बजे दोनों घर से निकलकर खदान की तरफ चल पड़ा और दोनों ने एक साथ खदान में छलांग लगा दी। पप्पू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि नाजुक स्थिति में पद्दो को सदर अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुकरू उरांव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। मौके पर मौजूद भीड़ से भी जानकारी हासिल की। मृतक पप्पू के जीजा रोबिन रिकियाशन से नाम पता एवं अन्य तथ्यों की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनाजोड़ी सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिर भी घटना की छानबीन की जा रही है। थाना कांड अंकित कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों के बैठक में लिए गए अहम निर्णय



**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** ग्रुरुवार को शहरकोल पंचायत अंतर्गत आसंधिपा ग्राम में मुखिया चित्रलेखा गोड़ के अध्यक्षता में मनरेगा योजना के तहद ग्रामीणों के बीच विशेष बैठक कर आस सबका विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे दीदी बाड़ी, पाट कुप, मनरेगा के तहद डोभा आदि कार्यों का चयन किया गया। बैठक में ग्रामीणों को स्वरोजगार से संबंधित जानकारी देते हुए मुखिया चित्रलेखा गोड़ ने बताया की गाँव के ग्रामीण अपने ही ग्राम में काम करें । काम की कमी नहीं है । काम नही रहने पर आप सब हमसे रोजगार गारंटी योजना के तहत काम मांगे। आपको काम मिलेगी अन्यथा वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। मनरेगा में रोजगार की गारंटी पक्की है। आप किसी भी सूरत में पलायन ना करे । जो भी समस्या हो हम से आकर मिले या बैठक में कहे। निराकरण किया जाएगा। बैठक में रोजगार सेवक सोनामुनि टुडू, वार्ड मेम्बर केलमुन बीबी, शांतिलता मुर्मु एवं ग्राम के सभी महिला पुरुष उपस्थित थे।

### पाकुड़ प्रखंड में विशेष खाद्यान्न वितरण दिवस मनाया जाएगा

**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देशानुसार 08 अक्तूवर को पाकुड़ प्रखंड (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र सहित) में विशेष खाद्यान्न वितरण दिवस मनाया जाएगा। उस तिथि को सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की दुकान पर कर्मियों, पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है, तथा संबंद्ध पंचायतों, वार्डो में जोनल पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। अतः सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को निर्देश दिया गया है कि 08 अक्टूवर को सभी कार्डधारियों, लाभुकों को सभी योजनाओं का शत प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण प्रतिनियुक्त कर्मियों, पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे।

### गिरिडीह में आयोजित होने वाले कबड्डी प्रतियोगिता के पूर्व ट्रायल खेल आयोजित

पाकुड़ः आगामी 9 अक्टूबर से गिरिडीह में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर ट्रायल का आयोजन किया गया । जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष जवाहर सिंह एवं सचिव उमर फारूक की मौजूदगी में ट्रायल प्रतियोगिता में कबड्डी खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। शहर स्थित रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम में आयोजित ट्रायल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष जवाहर सिंह ने कहा कि गिरिडीह में 9 से 11 अक्टूबर तक प्रतियोगिता आयोजित है। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष प्राण प्रिय भट्टाचार्य, मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार नागालिया, एनआईएस कबड्डी प्रशिक्षक संजय कुमार भगत सहित विभिन्न स्कूलों के खेल प्रशिक्षक मौजूद थे।

### जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप

दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )। मौज़ा नोरंगी के रैयत प्रनती राय ने पड़ीहारपुर मौज़ा के नारायण चंद्र पाल के विरुद्ध अंचल अधिकारी रानीश्वर को आवेदन देकर उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की हैं । मामले को लेकर प्रनती लगातार अंचल कार्यालय का चक्कर काट रही हैं ।बीते 29 सितंबर को निर्गत तारीख पर प्रनती हाजिर हुई थी, परन्तु नारायण हाजिर नहीं हुआ था । प्रनती के पुत्र सृजय आनंद राय ने बताया कि नोरंगी गांव के जमाबंदी संख्या 133 एवं 187/3 में उन लोगो का 34 बीघा 17 कठा दस धूर जमीन हैं ।साथ ही दाग संख्या 1593 में 9 बीघा जमीन एक अन्य अंशदार मिनती बक्सी की हैं ।जमीन में मयूराक्षी नदी के बाढ़ से बालू भर गया हैं । टैगोर सोसाइटी नामक संस्था के द्वारा उस जमीन पर पेड़ लगाया गया हैं ।नारायण ने उस 43 बीघा 17 कठ्ठा दस धूर जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है । बक्सी परिवार के द्वारा उस जमीन का दावा के पक्ष में कागज दिखाने बोलने पर नारायण ने बताया हैं कि वह कागज न्यायालय में दिखायेगा ।सृजय ने बताया कि नारायण दबंग हैं, तथा सेलेबुल मौज़ा पड़ीहारपुर में एसपीटी एक्ट के विरुद्ध तथ्य छुपकर प्रधान बन बैठा हैं.सृजय ने बताया कि नारायण ने उसे धमकी दी हैं कि वह ग्राम प्रधान हैं, तथा अंचल कार्यालय में उसका राज चलता हैंबहरहाल अंचल कार्यालय में अगली तिथि 9 सितंबर शनिवार को सुनवाई होगी ।

### 40 घंटे बीत जाने के बाद भी लूट कांड का नहीं हुआ है खुलासा

- **अज्ञात अपराधियों ने संग्राम लोढ़िया के निकट दिया था घटना को अंजाम**



**देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनधि।** कुंडा थाना अंतर्गत विते 5 तारीख की 11 बजे रात को संग्राम लोढ़िया के निकट सुमन कुमार नाम के युवक से हुई लूट की घटना का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। जबकि उक्त घटना को लेकर एसपी देवघर धनंजय कुमार सिंह भी घटनास्थल का मुआयना कीये और 24 घण्टे बीत जाने के बाद भी सकारात्मक रिजल्ट नहीं आ पाया। एसपी धनंजय कुमार सिंह के साथ-साथ कुंडा थाना के इंस्पेक्टर, जसीडीह थाना के इंस्पेक्टर, कुंडा थाना प्रभारी आदि ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल भी किया था।

इस घटना के बाद आस पास के ग्रामीण भी काफी भयभीत हैं। जबकि यह घटना जिस जगह पर हुई है उक्त जगह से महज एक किलोमीटर की दूरी पर माननीय हाई कोर्ट के जस्टिस कैलाश प्रसाद देव का पैतृक मकान है और वे पूजा को लेकर अभी घर पर ही है। बताते चलें कि सुमन कुमार अपने दैनिक कार्य निपटाकर विते 5 तारीख को घर जा रहे थे उसी वक्त संग्राम लोढ़िया के पास अज्ञात अपराधियों ने धार दार हथियार से हमला कर घटना को अंजाम दिया था जिससे सुमन कुमार गम्भीर रूप से घायल भी हो गए थे।

बहरहाल पीड़ित और पीड़ित का परिवार पुलिस प्रशासन से जल्द मामले का निष्पादन कर लुटे गए पैसे और अन्य सामानों की बरामदगी का आग्रह कर रहे हैं। वहीं सामने हिंदुओं का सबसे बड़ा पर्व दुर्गापूजा है ऐसे में लोग खरीददारी और मूर्ति दर्शन को निकलेंगे जरूरत है जिला के पुलिस प्रशासन को गम्भीरता दिखाने की।

### महंगाई की मार से -उदासी छाई है बाजार में

- **कोरोना काल का मार- झेल रहें हैं दुकानदार**
- **धोबी टोला पूजा पंडाल में दिखेगा-कोरोना योद्धाओं की झलक**

**देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनधि।** हिंदुओं का महापर्व दुर्गा पूजा की रौनक अब आहिस्ते आहिस्ते शहर से देहात तक दिखने लगी है पर साथ महंगाई की मार भी लोगों को झेलना पड़ रहा है। बहरहाल सार्वजनिक वैष्णवी दुर्गा पूजा धोबी टोला 2005 से शिवलोक परिसर में भव्य तरीके से दुर्गा पूजा का आयोजन करती आ रही है। यहां वैष्णव विधि विधान से पूजा का आयोजन किया जाता है।इस बार का पूजा कोरोना योद्धाओ को समर्पित किया गया है।



जहां पंडाल के अंदर कोरोना काल में कोरोना योद्धा अपने जीवन को संकट में डाल कर कैसे लोगों की सेवा किया है उसे दर्शया जाएगा। वहीं पूरी चित्रण बंगाल के कृष्णा नगर के कारीगरों के द्वारा दिखाया जाएगा। आकर्षक पंडाल देवघर के मोहन डेकोरेटर के द्वारा एवं प्रतिमा जसीडीह के राहुल कुमार के द्वारा बनाया जा रहा है। जबकि पुरोहित के रूप में शंभू महाराज तथा आचार्य के रूप में कुणाल महाराज जी रहेंगे। पंडाल के अंदर प्रतिभा को छूने की मना ही रहेगी, दूर से ही भक्त माता का दर्शन करेंगे। बताते चलें कि यहां सप्तमी तिथि से ही माता को अनेक प्रकार का भोग लगता आ रहा है जहां सप्तमी को हलवा और तहरी, अष्टमी को छप्पन भोग तैहरी एवं नवमी को खीर हलवा और तहरी का भोग लगाया जाता है। वही बाजारों की रौनक अभी भी फीका ही है कपड़ा दुकानदारों की मानें तो महंगाई के कारण लोगों को मार्केटिंग के लिए सोंचना पड़ रहा है। दो वर्षों से कोविड के कारण लोगों की आमदनीं में बहुत प्रभाव पड़ा है जो बाजारों में भी दिख रहा है। वैसे अभी समय है हो सकता है पंचमी के बाद से कुछ रौनक दिखे।

# ब्लड की कमी से जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही महिला को तीन यूनिट रक्तदान कर बचाई जान

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**पाकुड़।** रक्तदान महादान होता है। धीरे-धीरे लोग इसका महत्व समझने लगे हैं और रक्तदान के प्रति जागरूकता का माहौल भी देखने को मिल रहा है। फिर भी बहुत सारे जिनको अभी भी रक्तदान करने से डर लगता हैं, तो हमारा कर्तब्य हैं कि हम उन्हें जागरूक करे।हमको यह भावना जन-जन तक पहुंचानी चाहिए कि रक्तदान महादान है। इससे लाखों लोगो की जिंदगी बच सकती है।रक्तदान हमारे शरीर के लिए बहुत ही जरूरी होता है, और इससे एक व्यक्ति की जान भी बच सकती है, रक्तदान स्त्री या पुरुष कोई भी कर सकता है। अगर आप की वजह से किसी की ज़िन्दगी बचती हैं तो आपको जो संतुष्टि का एहसास होगा उसे शब्दों में बयाँ करना मुमकिन नही हैं। इसी कड़ी में जिले में कई संगठन और युवा है जो चौबीस घण्टे पीड़ितों को जान बचाने में जुटे हैं।गुरुवार को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चांचकि के युवक बानीज सेख को फोन आया कि 25 वर्षीय महिला पातेनुर बीबी की स्थिति बेहद नाजुक है। बी पॉजिटिव तीन यूनिट रक्त की आवशयकता है। इस बानीज सेख ने अपने मित्र वसीम अकरम,मुखिया मुख्तार सेख एवं मास्टर अलाउदीन सेख को जानकारी दी। उक्त युवाओं ने गांव के ही दो युवक ओबैदुर रहमान और फरजान सेख को रक्त देने के फायदे के बारे में बताया। उक्त दोनों युवाओं ने बढ़ चढ़कर रक्त दिया।बानीज ने बताया कि मैं पिछले कई वर्षों से रक्तदान कर रहा हूँ और अबतक दर्जनों युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित भी किया गया है। जल्द ही चांचकि गांव में सैकड़ों युवा ब्लड डोनेशन कैम्प लगाकर रक्तदान करेंगे। इस के लिए तैयारी भी शुरू कर दिया गया। उन्होंने कहा इस संबंध में जल्द ही जिले के अभिभावक उपायुक्त और सिविल सर्जन से मिलकर तारीख और दिन ली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्रवाल समाज ने मनाई धुमधाम से महाराज अग्रसेन की जयंती



**गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** अग्रवाल समाज गिरिडीह ने गुरुवार को महाराज अग्रसेन की समारोहपूर्वक जयंती मनाई। यह जयंती समारोह पुलिस लाईन बरवाडीह में अनिरुद्ध अग्रवाल के सभागार में मनाया गया।

इस दौरान पंडित नरेश ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर महाराज अग्रसेन जयंती पर पूजा की। पूजा उपरांत महाराज अग्रसेन की सामूहिक आरती गायी गई। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। जयंती समारोह में कोविड 19 की गाइड लाइन का पूरा ख्याल रखा गया।

कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए अग्रवाल समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सभी ने धूमधाम से महाराज अग्रसेन की जयंती को मनाया। साथ ही उन्होंने बताया की जयंती मनाते के समय सोशल डिस्टेंस का विशेष ध्यान रखा गया और सभी से आग्रह किया गया कि जिन्होंने भी अब तक कोविड-19 का टीका नहीं लिया है जल्द से जल्द नजदीकी टीकाकरण केंद्र में जाकर टीका लगवा ले।

महाराज की जयंती समारोह में अग्रवाल समाज गिरिडीह के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद अग्रवाल, सचिव सुधीर कुमार, कार्यालय मंत्री राजेश अग्रवाल सहित अनिरुद्ध अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुधांशु अग्रवाल, शम्भू शंकर अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, विजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सरिता देवी, पूनम अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, बबिता सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के महिला, पुरुष और बच्चे शामिल थे।

### डंक से मौत की नींद सुला रहीं मधुमक्खियां,लोग जान बचाने को परेशान



**गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जिले में भाकपा माओवाद का हिसंक इतिहास रहा है।बताया जाता है कि अभी भी यहां माओवाद का वजूद कायम है। हालांकि, अभी यहां के गांवों में लोगों को माओवादियों से कम, मधुमक्खियों से अधिक डर लग रहा है। इसका वाजिब कारण भी है।बीते एक माह में मधुमक्खियों ने कम से कम सात लोगों की जान ले ली है। माओवादी मारते हैं, तो सरकारी मुआवजा का प्रावधान है। हाथी मारेगा अथवा सांप के डसने से मौत होगी, तो भी मुआवजा की व्यवस्था है। लेकिन मधुमक्खियों के कारण जान जाने पर फिलहाल सरकारी मुआवजा नहीं मिलती है।बिहार की सीमा से सटे तिसरी, गावां, करमाटाड़ के लोग कहते हैं कि मधुमक्खियों का शहद जितना मीठा होता है, डंक उतना ही जहरीला होता है। अभी उन्हें माओवादियों से नहीं मधुमक्खियों से डर लगता है। ग्रामीणों का कहना है कि अबतक जिन लोगों की भी मौत हुई है उनमें किसी की भी मौत शहद निकालने के क्रम में नहीं हुई है। अचानक मधुमक्खियों के दल के हमले से लोगों की मौत हुई हैं।

जानकारी के अनुसार मधुमक्खियां के डंक से पिछले एक माह में पांच महिला समेत आठ लोगों की मौत एवं 30 लोगों के घायल होने की खबर है। मृतकों में चार बच्चे भी शामिल हैं। आलम यह है कि जिले के गावां और तिसरी इलाके के ग्रामीण इन दिनों जंगल जाने से परहेज कर रहे हैं। ताजा मामला तीन अक्टूबर की शाम सदर प्रखंड के करमाटाड़ गांव की है। दंपति शनिचर महतो और उनकी पत्नी भिखनी देवी अपनी बकरिया को चराने जंगल गये थे। इसी दौरान मधुमक्खियों ने दंपति पर हमला कर दिया। असहनीय पीड़ा से दंपति की मौत हो गयी।

» –गांवा थाना क्षेत्र में ही तीन बच्चियों को मधुमक्खियों ने डंक मारकर घायल कर दिया था।

» –गावां में ही दो सगे भाई गोतम कुमार (12) और उतम कुमार (14) की मौत मधुमक्खियों के काटने से हो गयी थी।

» –दो अक्टूर को तिसरी में मधु कुमारी (10) की जान मधुमक्खियों ने डंक मारकर ले ली।

इस संबंध में गिरिडीह के डीएफओ प्रवेश अग्रवाल ने कहा कि गिरिडीह वनक्षेत्र में ग्रामीणों को मधुमक्खियों के डंक मारने की सूचना मिल रही है। इस प्रकार के मामले नये हैं। इसको लेकर राज्य सरकार को रिपोर्ट तैयार कर भेजी जा रही है। इस संदर्भ में सरकार के द्वारा गाइड लाइन मिलने के बाद दिशा निदेशों का पालन किया जायेगा।

# पैन इंडिया को लेकर भारत के अमृत महोत्सव मनाते माणिकलालो, पचम्बा, गिरिडीह एवं गिरिडीह जिले के सभी 13 प्रखंडों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**गिरिडीह।** भारत की आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर पेन इंडिया कार्यक्रम के तहत भारत का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में दिनांक 02 अक्टूबर 2021 से 14 नवंबर, 2021 तक विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के द्वारा लगातार प्रतिदिन गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों एवं गांवों में किया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह संदीप कुमार बर्तम ने कहा कि इस कार्यक्रम के छठवें दिन आज दिनांक 07 अक्टूबर 2021 को झालसा, रांची द्वारा प्रदत टॉपिक के अनुसार मानिकलालो, पचंबा, गिरिडीह में आमजनों के बीच नालसा (असंगठित कर्मकारों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 के विषय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सचिव महोदय द्वारा सभी उपस्थित लोगों को उपरोक्त विषय के बारे में तथा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। उन्होंने कहा असंगठित कर्मकारों के लिए राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसका लाभ लेने में अधिक किन्हीं को परेशानी होती हो तो इसकी सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकार ,गिरिडीह को तत्काल दें। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के कर कमलों द्वारा 25 असंगठित मजदूरों को श्रम निबंधन कार्ड वितरित किया गया एवं तीन मजदूरों को शर्ट पैंट का कपड़ा प्रदान किया गया।

उन्होंने कहा कि नालसा, नई दिल्ली एवं माननीय झालसा, रांची के निर्देश पर इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि कोई भी व्यक्ति जानकारी के अभाव में न्याय पाने से वंचित नहीं रहे। अक्सर देखा गया है कि आम लोग जानकारी के अभाव में अपने मूलभूत अधिकारों से वंचित रह जाते हैं, जिससे हमारे संविधान में निहित जन कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का लाभ हाशिए पर के लोगों को नहीं मिल पाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देश पर सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से कानूनी रूप से जागरूक किया जा रहा है। साथ ही साथ उनकी समस्याओं को जानकर उनका त्वरित निदान करने के उद्देश्य से सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार निरंतर प्रयास कर रही है।

आज छठे दिन प्रखंड स्तरीय टीमों के द्वारा गिरिडीह न्याय मंडल के सभी 13 प्रखंडों के 20 विभिन्न पंचायत क्षेत्रों तथा 42 गांवों में कार्यक्रम को संचालित किया गया। जिसमें सैकड़ों लोग इन कार्यक्रमों में उपस्थित हुए तथा विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन टीम के सदस्यों को सौंपा, जिसे सचिव महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा त्वरित एवं अग्रसर कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया है। कार्यक्रम में सचिव संदीप कुमार बर्तम, पैनल अधिवक्ता विपिन कुमार यादव, पारा लीगल वालंटियर्स दिलीप कुमार, कामेश्वर कुमार, सुनील कुमार, आनंद पंडित एवं सत्यम फाउंडेशन एनजीओ के सचिव दिलीप कुमार सहित गांव की सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

## माईका कम्पनी के समय बंगाली बिधि से बंगाल के पंडित द्वारा होता था दुर्गा मंडप में पूजा, तिसरी मे निकाली गई 211 कलश यात्रा

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**तिसरी/गिरिडीह।** कलश स्थापन के शुभ अवसर पर गुरुवार को तिसरी मुख्यालय स्थित सी ए म आई माईका कम्पनी सार्वजनिक दुर्गा मंडप प्रांगण से सुहागिन माता और कुवारी कन्याओं द्वारा सर पर 211कलश यात्रा आजे बाजे के साथ पूजा कमिटी के सहयोग से तिसरी हाट बाजार ,थाना मोड़ , राजकीय अस्पताल , ब्लॉक मोड़ ,तिसरी चौक भंडारी रोड होते हुए गायत्री मंदिर तट स्थित बड़ा तालाब तट पहुंच कर ब्रह्मण मनोज पाण्डेय ,प्रदीप पांडेय द्वारा गंगा माता का विधिवत पूजन करने के उपरांत कलश मे जल भर कर पुन यात्रा सार्वजनिक दुर्गा मंडप प्रांगन पहुंची। पूजा कमिटी के अध्यक्ष किशोरी साव ने कहा तिसरी दुर्गा मंडप से तिसरी चौक गमहरीया तक मुख्य मार्ग मे लाइट और चोंगा लगाया जा रहा है। जगह जगह तोड़न द्वार का निर्माण किया जा रहा है। मंडप प्रांगन को आकर्षक बनाने हेतु पूरी साज सज्जा की जा रही है। जानकारी के अनुसार तिसरी मुख्यालय का सार्वजनिक दुर्गा मंडप सी ए म आई माईका कम्पनी के मालिक बंगाल प्रदेश के उमेश अग्रवाल और हरीश अग्रवाल द्वारा लगभग 150वर्ष पूर्व अपने खर्च से मंडप का निर्माण कर प्रतिमा स्थापित करते हुए बंगाली बिधी से बंगाली महापंडित द्वारा विधिवत पूजन किया जाता था। वर्ष 1972/73मे कम्पनी तिसरी छोड़कर बंगाल वापस चली गई थी। तब से तिसरी के श्रद्धालु भक्तो द्वारा समिति गठित कर पूजन किया जाने लगा वर्ष 1995 मे तिसरी की जनता ने पुराने मंडप के स्थान पर नई भव्य दुर्गा मंडप का निर्माण किया उसी समय से दुर्गा मंडप का नाम सार्वजनिक दुर्गा मंडप पड़ा है।

## कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र प्रारंभ



**गावां/गिरीडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** गुरुवार को कलश स्थापना के साथ पूरे प्रखंड में शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो गया। दुर्गा मंदिरों के अलावा विभिन्न मंदिरों व निजी आवासों में वेदमंत्रों के साथ कलश की स्थापना की गई। कलश स्थापना के साथ ही मां दुर्गा की पूजा-अर्चना प्रारंभ हो गई। महौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। गावां मुख्यालय के दुर्गा मंदिर, माल्डा दुर्गा मंदिर, पिहरा दुर्गा मंदिर, बिरने दुर्गा मंदिर समेत अन्य दुर्गा मंदिरों में कलश स्थापना की गई। गायत्री परिवार के श्रद्धालुओं ने सामूहिक रुप से कलश स्थापित कर पूजन किया। इस अवसर गायत्री परिवार के संयोजक अनिल कुमार ने कहा कि दुर्गा संगठन की प्रतीक है। सभी देवी- देवताओं ने अपनी- अपनी शक्ति देकर दुर्गा शक्ति का निर्माण किया। जिस शक्ति के आधार पर मां दुर्गा ने असुरों का संहार किया। उन्होंने कलश स्थापना के संबंध में बताया कि हम सभी समाज में परिवार में संगठन और सहयोग की भावना से एकसाथ रह सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कोई जीवात्मा मां के गर्भ में रहकर पलता-बढ़ता और मां का संस्कार ग्रहण करता है, उसी प्रकार हम सभी नौ दिनों तक नवरात्र में मां की गोद में रहकर उपासना- साधना एवं अराधना के द्वारा अपनी उर्जा का संगठन कर सकते हैं।

## जंगल में पेड़ से लटकी मिली महिला की लाश



**गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के बराकर जंगल में फंदे से लटकता एक महिला का शव देखा गया।मामले की जानकारी के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया. खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नही हो सकी थी। बताते चलें कि बराकर तालाब की मेढ़ में पेड़ पर एक महिला का शव फंदे से झूलता देखा गया। जिस पर एक व्यक्ति की नजर पड़ी। जिसके बाद बात फैल गई। जिसके बाद लोगों ने मामले की जानकारी पीरटांड़ पुलिस को दी गई।जिसके बाद एसडीपीओ मनोज कुमार एवं थाना प्रभारी पवन कुमार सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।जिसके बाद एसडीपीओ मनोज कुमार एवं थाना प्रभारी पवन कुमार सिंह जांच में जुट गए।

## विधायक सोनू ने किया 250 केवीए स्टेपलाइज़र, 200 ऑक्सिजन बेड एवं चैताडीह मातृत्व अस्पताल में 25 ऑक्सिजन बेड का लोकार्पण

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**गिरिडीह।** विधायक गिरिडीह सुदिव्य कुमार सोनू ने सदर अस्पताल के ऑक्सिजन प्लांट में अपने विधायक मद से दिए गए 250 केवीए स्टेपलाइज़र, 200 ऑक्सिजन बेड एवं चैताडीह मातृत्व अस्पताल में 25 ऑक्सिजन बेड का लोकार्पण किये एवं हरसिंगरायडीह में छठ घाट का शिलान्यास किये।

गिरिडीह विधायक सुदीव्य कुमार सोनू ने कहा कि गिरिडीह सदर अस्पताल किसी भी विपरीत परिस्थितियों में अब लड़ने को तैयार है गिरिडीह के हर नागरिकों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिले इसके लिए हम लगातार कार्य करते रहेंगे।

इस कार्यक्रम में साथ मे झामुमो के जिलाध्यक्ष संजय सिंह, गिरिडीह सिविल सर्जन, सदर अस्पताल उपाधीक्षक, प्रमिला मेहरा, अभय कुमार, राकेश सिंह टुन्ना, राहुल कुमार,आनंद मिश्रा, अमित सिंह, सईद अख्तर, विशु यादव, गोविंद यादव, मो० नवाब सहित कई साथी मौजूद थे।

# गिरिडीह विधायक सुदीव्य कुमार सोनू ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**गिरिडीह।** विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने गिरिडीह के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर विधि-व्यवस्था की जानकारियां ली। कार्यक्रम की शुरुआत बीबीसी रोड, बरमसिया में 4 पूजा पंडाल, अरगाघाट सार्वजनिक मंडा, चैताली मंदिर बरगंडा, सिरसिया के दो पंडाल, विश्वनाथ मंदिर, पुराना जेल, शास्त्री नगर, मोहनपुर में तीन पूजा पंडाल, पचम्बा मंदिर, आईसीआर रोड में 2 मंदिर, एकेडमी का भर्मण किये। जिसमें सभी पूजा पंडालो के सामने के पोल में स्ट्रीट लाइट लगवाने हेतु उप नगर आयुक्त को बोला गया। सिरसिया प्रखंड कार्यालय के आगे मंदिर में एक चापानल एवं ला-इट के लिए अपने विधायक मद से अनुशंषा किया गया। सभी जगह उचित विधि-व्यवस्था हेतु गिरिडीह प्रशासन को भी विशेष इंतिज़ाम हेतु कहा गया।

पंडालों का निरीक्षण के बाद विधायक सोनू ने कहा कि गिरिडीह में अभी कोरोना की लहर नहीं है लेकिन सरकार के द्वारा प्राप्त गाइड लाइन का पालन करना बहुत जरूरी है क्योंकि जब जब हम लोग इत्मीनान हो जाते हैं। उसी समय कोरोना वायरस प्रवेश कर जाता है। इसलिए सावधानी बरतना बहुत जरूरी है और सोशल डिस्टेंस के साथ पूजा मनाना भी जरूरी है।

इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संजय सिंह, अजित कुमार पप्पू, पवन सिंह, गौरव कुमार, राकेश रंजन, अभय कुमार, रॉकी सिंह, दिलीप रजक, गोपाल शर्मा, राकेश सिंह टुन्ना, राहुल कुमार, रामजी यादव, महेश सिन्हा, शोभा यादव, शेखर यादव, प्रदोष कुमार, विशु यादव, गोविंद यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तीन सौ लीटर अवैध डीजल के साथ एक करोबारी गिरफ्तार बेंगाबाद पुलिस ने भेजा जेल



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**बेंगाबाद/गिरिडीह।** अवैध डीजल करोबारियों के खिलाफ बेंगाबाद पुलिस ने मानजोरी पंचायत के बहादुरपुर गाँव में की छापेमारी भारी मात्रा में डीजल को किया बरामद वहीं एक कारोबारी को किया गिरफ्तार भेजा जेल पुलिस इंस्पेक्टर सह बेंगाबाद थाना प्रभारी कमलेश पासवान ने बताया की सूचना मिली मिल रही थी कि बहादुरपुर गाँव मे अवैध डीजल का कारोबार काफी फलफूल रहा है लोग इस धंधे में काफी रुचि ले रहे हैं इसी अवैध धंधे के खिलाफ बुधवार को छापेमारी किया गया जिसमें एक ड्राम में दो सौ लीटर डीजल व दो जार में पचास पचास लीटर अवैध डीजल जब्त किया गया साथ ही एक युवक को हिरासत में लिया गया जिसके बारे में पूछताछ करने पर कोई कागजात नहीं दिखाई और न ही सही जवाब दे पाया इसकी जांच पड़ताल करने पर गलत पाया गया इसके ऊपर थाने में कांड अंकित कर लिया गया जिसका थाना कांड सं0 225/21 धारा 414/34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त मुकेश साह पिता सुरेश साह सा0 बहादुरपुर थाना बेंगाबाद जिला गिरिडीह को विधिवत गिरफ्तार किया गया है जिसे जेल भेज दिया गया।

# पांच पंचायतों में ग्रामीणों की आस मनरेगा से विकास कार्यशाला आयोजित

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका।** महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत जामा प्रखंड अंतर्गत लगला सहित पलासी,सरसाबाद,आसनज ोर एवं चिनकिया पंचायत भवन में गुरुवार को पंचायत की मुखिया के अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित की गई मौके पर कार्यक्रम के रूपरेखा की जानकारी दी गई एवं सम्बंधित संभावित योजनाओं को सूचीबद्ध किया गया। लगला पंवायत भवन में मुखिया निर्मला



देवी के अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यक्रम के दौरान मुखिया निर्मला देवी ने मनरेगा से लाभान्वित होने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत सचिव गौरव कुमार ने मनरेगा अधिनियम से संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मनरेगा से संबंधित जॉब कार्ड, दीदी बाड़ी योजना सभी प्रकार के पेंशन योजना प्रधानमंत्री आवास योजना आदि की उपयोगिता के बारे मे बताया । आयोजित कार्यशाला में सभी पंचायतों में कुंआ, डोभा, तलाब बकरी शेड मुर्गी शेड, गाय शेड, सूअर शेड टी सी बी, आम बागवानी, 14 वीं एवं 15 वीं वित्त आयोग से चापाकल मरम्मती, पीसीसी सड़क निर्माण, गार्ड वाल वर्मी कंपोस्ट सोख्ता गड्ढा आदि से सम्बंधित योजनाओं का चयन किया गया। मौके पर लगला पंचायत में रोजगार सेवक महेन्द्र कुमार, पंचायत समिति सदस्य फोटो देवी, उप मुखिया पोलीना मुर्मू, ग्रामीणों में बिनोद राय, कुमोद यादव रोहित यादव दिलीप यादव, गुड्डू यादव, रुक्मणी देवी, सहित अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक के चपेट में आने से सड़क पार कर रहे युवक की मौत

**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जामा थाना क्षेत्र के दुमका मसलिया मुख्य मार्ग पर अमला चातर के समीप गुरुवार को 407 ट्रक के चपेट में आने से एक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अमलाचातर गांव के ही 19 वर्षिय अभिषेक ठाकुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक अभिषेक ठाकुर अपने घर के समीप सड़क पर पार करने के लिए खड़ा था तभी तेज रफ्तार 407 ट्रक के चपेट में आ गया। गंभीर हालत में ग्रामीणों ने जामा थाना पुलिस को सूचित कर तत्काल एम्बुलेंस द्वारा इलाज के लिए दुमका मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया जहाँ इलाज के क्रम में युवक की मौत हो गई ।मामले को लेकर जामा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन इसके पूर्व ही ग्रामीणों द्वारा इलाज के लिए युवक को एम्बुलेंस पर दुमका भेज दिया गया था। जहाँ इलाज में दौरान युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के पस्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। एवं घटना के बाद ट्रक चालक सहित ट्रक को जब्त कर थाना ले आया है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। साथ ही मृतक के भाई अजय ठाकुर के बयान पर मामला दर्ज कर पुलिस आवशयक कार्रवाई में जुट गई है।

### एक साल से खराब पड़ा है सोलर संचालित जलमीनार, पेयजल की किल्लत



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के शहर पुर पंचायत भवन के सामने बीते एक साल से सोलर संचालित जल मीनार खराब पड़ा है. जलमीनार खराब होने से ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.ग्रामीणों का कहना है कि बीते एक साल से इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधि, मुखिया, वार्ड सदस्य, उप मुखिया एवं बीडीओ को भी बोला गया है मगर अब तक किसी ने इस पर पहल नहीं की.जल मीनार खराब रहने के कारण लोगों को 1 से 2 किलोमीटर दूर स्थित चापाकल से पानी लाना पड़ता है. पहाड़ी इलाका होने से इस क्षेत्र में पानी की काफी ज्यादा किल्लत रहती है ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लगाएं गये अधिकांश चापाकल खराब पड़े हैं.ग्रामीणों ने मांग की है कि सोलर से संचालित जल मीनार की जल्द मरम्मत करायी जाए ताकि पेयजल के लिए होने वाली समस्या से निजात मिल सके.मौके पर कलीमुद्दीन अंसारी, कमालुद्दीन अंसारी, सलीम अंसारी, मुन्ना अंसारी एवं काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

### पुलिस ने थाना के सामने चलाया वाहन चैकिंग अभियान



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** रामगढ़ गुहियाजोरी सडक मार्ग एंव रामगढ़ थाना के सामने गुरुवार को एसपी अंबर लकडा के आदेश पर अपराध नियंत्रण को लेकर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनो का सधन चैंकिग अभियान चलाया गया. पुलिस ने बाईक की डिक्की तथा चारपहिया वाहनो की भी सघन चैंकिग की. मौके पर रामगढ़ थाना के कई पुलिस जवान मौजूद थे।

# दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका।** रामगढ़ थाना परिसर में गुरुवार को बीडीओ कमलेंद्र सिन्हा की अध्यक्षता में दुर्गा को लेकर शांति समिति के बैठक हुई.बैठक में रामगढ़ बाजार तथा अन्य क्षेत्रों के गणमान्य लोग शामिल हुए.बैठक में बीड-ीओ कमलेंद्र सिन्हा ने लोगो को पिछले बर्ष की भांति इस बर्ष भी कोविड 19 को ध्यान में रखते हुये शांतीपुर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाने की अपील की.उन्होंने समिति के सदस्यों को दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु असमाजिक तत्वों पर



पैनी नजर रखने को कहा.अष्टमी से विर्षजन तक शराब बिक्री पर रोक लगाने की हिदायत दी गईमौके पर थाना प्रभारी रुपेश कुमार ने दुर्गा पूजा के दोरान मोबाइल पर गलत अफवाह नही फैलाने की सख्त हिदायत दी उन्होंने बताया कि पूजा के दौरान प्रखंड के रामगढ़ बाजार ,गम्हरियाहाट ,महुबना ,कड़बिंधा ,डाडो , ठाड़ी हाट ,बंदरजोडा भालसुमर ,डेलीपाथर आदि जगहो में शांतिपूर्वक पुजा के आयोजन के लेकर पुलिस पू-री तरह से मुस्तैद रहेगी.कहा कि असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगीथाना प्रभारी ने सभी समिति सदस्यों से सहयोग की अपील की है.मोके पर बीड-ीओ कमलेंद्र सिन्हा ,थाना प्रभारी रुपेश कुमार, एसआई संतोष कुमार, ललन कुमार,नलीन मंडल जीतलाल राय जयप्रकाश अग्रवाल,नंदल राउत, दिवाकर मंडल ,नेपाली इशर, जीवन मिर्धा , के अलावा भालसुमर ,डेलीपाथर के पंडा समाज के लोग मौजूद थे।

## खिलाड़ियों ने स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत किया कचरा संग्रह



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**साहिबगंज।** युवा मामले एवम्-खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश के आलोक में आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र, साहेबगंज एवं जिला प्रशासन साहेबगंज के संयुक्त तत्वावधान में 01 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रम में जिले के सभी गॉव - गॉव से 30 -30 किलो बेकार प्लास्टिक कचरा संग्रह करते हुए जिले से कुल 11000 किलो पलास्टिक कचरा का संग्रह करने का निर्णय लिया गया है।जिसके अंतर्गत 06 -07 अक्टूबर स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है।आज जिले के खिलाड़ियों ने सिदो कान्हु स्टेडियम, बस स्टैंड, सदर अस्पताल के निकट पलास्टिक कचरा का संग्रह किया एवं लोगों को प्लास्टिक कचरा ना फैलाने एवं सिंगल न्यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु जागरूक किया।जिले में खिलाड़ियों द्वारा कल भी प्लास्टिक कचरा संग्रहण किया जाएगा और इसका उचित प्रबंध भी किया जाना है।स्वच्छ भारत अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सभी लोगों को यह संदेश दिया जा रहा है कि प्लास्टिक हमारे वातावरण एवं हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक है इसलिए जिले वासी भी प्लास्टिक कचरा का सही प्रबंधन करने के साथ-साथ सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग ना करें।इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी शुभम चंद्रन, राष्ट्रीय कोच योगेश यादव, डे बोर्डिंग कोच मो बेलाल,डे बोर्डिंग बालिका एवम्-आवासीय बालक एथलेटिक्स केन्द्र के खिलाड़ी , एन वाई के कार्यकर्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

## एक दिवसीय किसान जागरूकता गोष्टी का आयोजन



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** रामगढ़ प्रखंड के विन्धासारे विद्यालय परिसर में गुरुवार को प्रगतिशील किसान संध द्वारा किसान जागरूकता गोष्टी का आयोजन किया गया.गोष्टी का आयोजन रामदयाल राय की अध्यक्षता में किया गया.किसान गोष्टी में किसान क्लब सीआईजी खाद्य सुरक्षा समुह के उपस्थित सदस्यों को बारिश मुर्म ने बताया कि किसानों के लिये जिला से बीज भेजा गया है.किसानों को बीज लेने के लिए आत्मा में आवेदन देने की जानकारी के अलावा डीप बोरिंग के लिये आवेदन देने की जानकारी दी गयी. साथ ही वृद्धावस्था पैंशन तथा राशन कार्ड के लिये आँनलाइन आवेदन देने की अपील की गई.संस्था के धनीराम बास्की ने किसानों को आय दोगुनी करने के लिये मुर्गी पालन ,गोपालन वृक्षारोपण हेतु फपीओ की जानकारी दी.केसीसी के लाभ हेतु किसानों को जागरूक किया गया.इसके साथ ही प्रखंड प्रगतिशील किसान संध कमिटी का गठन किया गया, जिसमें सर्व सम्मति से रामदयाल राय को अध्यक्ष ,बिनोद मरांडी को उपाध्यक्ष अशोक राय को प्रखंड सचिव के अलावा सभी पंचायतों में दो दो सदस्यों का चुनाव किया गया.मौके पर बारिश मुर्मु ,धनीराम बास्की, रामदयाल राय ,बिनोद मरांडी आदि मौजूद थे।

## दुष्कर्म मामले में एक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत सैदपुर पंचायत के डेढ़ गामा गांव में दुष्कर्म का मामला सामने आया है मामले को लेकर पीड़िता ने राजमहल थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस को दिए गए आवेदन में महिला ने आरोप लगाया है कि बीते दिन को बुधवार की शाम उक्त गांव के निवासी मनोज पंडित की पत्नी रीना(काल्पनिक नाम ) अपने घर पर काम कर रही थी।तभी उसका देवर सोनु पंडित आकर छेड़छाड़ करने लगा और महिला ने विरोध जताते हुए उससे बचने का प्रयास किया। वही अपनी माता के साथ हो रही छेड़खानी का उसका का पुत्र प्रेम बीच बचाव करने आया तो सोनू पंडित ने दिपक कुमार नितु कुमारी , प्रेम कुमार सहित रीना देवी को लाठी से सब को पिटना शुरू कर दिया. जिसके कारण सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता ने बताया उसका पत्नी मनोज पंडित बाहर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं. घर पर पति का ना रहने का फायदा उठाकर देवर ने छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया जिसका विरोध जताने पर उसने मेरे सभी परिवार को लाठी से पीट कर सभी को गंभीर रुप से घायल कर दिया। वही राजमहल थाना प्रभारी प्रणीत पटेल ने बताया मामले को संज्ञान में लेते हुए पीड़िता के दिए गए आवेदन के अनुसार छानबीन की जा रही है आरोपी बहुत जल्द कानून के गिरफ्त में होगा।

## मां दुर्गा की प्रथम पूजा के दिन भक्तों में काफी उत्साह

**बरहेट/साहिबगंज/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** बरहेट प्रखंड के अंतर्गत पचकठिया बाजार बंगाली टोला में मां दुर्गा की प्रथम पूजा के दिन संध्या आरती में सभी भक्तों में काफी उत्साह देखा गया। जिसमें पूजा कमेटी का कहना है कि झारखंड सरकार गाइडलाइन के तहत



सैनिटाइजर, मार्क्स एवं पूजा की सारी विधि व्यवस्था की गई। पूजा कमेटी के सारे मेंबर और भक्तों ने सरकार गाइडलाइन का पालन किया।पूजा कमेटी के सदस्य सुनील सेन, जयप्रकाश दे, श्रीकांत सेन, रमाकांत सेन, सरोज कुमार दा, अक्षय कुमार दे, बिमल रूज और इत्यादि सदस्य उपस्थित थे

## दुष्कर्म मामले में दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



**उधवा/साहिबगंज/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा दियारा पंचायत अंतर्गत बालुग्राम में एक विवाहिता महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पीड़िता ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस को दिए गए आवेदन में महिला ने आरोप लगाया है की बीते दिन वह अपने कमरे में अकेली सोई हुई थी। पति घर से घूमने की बात कहकर बाहर निकला था। साथ ही बताया की कुछ देर बाद उसके पति के साथ एक युवक घर आया और पति के मौजूदगी में एक युवक गलत नियत से कपड़े को फाड़ दिया और जबरन दुष्कर्म किया।वही राधानगर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए पीड़िता के दिए गए आवेदन के अनुसार थाना कांड संख्या 201/21 धारा 376,504,506 भादवी के तहत महिला के पति और एक युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# छात्रा ने दिया अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक सफलता का श्रेय अपने शिक्षक डा.दिनेश नारायण वर्मा और उनके स्टडी एंड रिसर्च सेंटर को

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )

**साहिबगंज।** इग्नू (सेंटर साहिबगंज महाविद्यालय,साहिबगंज) से इतिहास विषय में प्रथम श्रेणी से अधिक अंक प्रप्त करने वाली छात्रा जूही कुमारी (पिता सुरेन्द्र नाथ घोष,माता रीना देवी घोष,ग्राम अपो. बगदबरा जिला मुर्शिदाबाद,पश्चिम बंगाल) ने अपनी शानदार शैक्षणिक सफलता का श्रेय अपने शिक्षक और स्टडी एंड रिसर्च सेंटर (एस.आर.सी.,रामपुरहाट,जिला वीरभूम,पश्चिम बंगाल)के निर्देशक डा.दिनेश नारायण वर्मा को दिया और झारखंड.देखो को बताया कि प्रो.वर्मा के निर्देशन में ही उन्होंने ग्रेजुएशन की शिक्षा पूरी की और अच्चे अंक प्राप्त किये।जुही कुमारी ने कहा कि मैं और मेरा पूरा परिवार उनके प्रति अपना सम्मान और आभार व्यक्त करते हैं।यह मेरा सौभाग्य है कि मैंने प्रो. वर्मा के निर्देशन में उच्च शिक्षा प्राप्त की और अब उन्हीं की



देखरेख में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में सक्रिय हूं। ज्ञातव्य है कि प्रो.वर्मा बी.एस.के.कालेज,बरहरवा (साहिबगंज) के इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष और इसके पूर्व प्रभारी प्राध्यापक हैं। उन्होंने सिदो कान्हू मुर्मू वि.वि.,दुमका के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग में कई वर्षों तक अध्यापन किया और इसके प्रशासनिक पदाधिकारी (ओ.एस.डी., वी.सी.) भी रहे। उन्होंने जनजातीय इतिहास,सभ्यता और संस्कृति पर शोध कार्य के अलावा संताल परगना के क्षेत्रीय इतिहास और संताल विद्रोह पर भी विशेष शोध कार्य किये और रिसर्च पेपर लिखे। महाविद्यालय और वि.वि.में इकतालीस वर्षों की अधिक सेवा देने और वर्ष 2019 में अवकाश-प्राप्त करने के पश्चात डा.वर्मा अपने स्टडी एंड रिसर्च सेंटर (एस.आर.सी., रामपुरहाट,जिला वीरभूम,पश्चिम बंगाल) में सक्रिय हैं और होनहार और गरीब बर्ग के छात्र-छात्राओं,शोध विद्वानों और कई प्राध्यापको को इससे जोड़ा और उनकी शैक्षणिक सफलता में महत्वपूर्ण योगदान किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डा.अनामिका मुर्मू (सारवा, दुमका),नेट क्वलइफाइड,ने उनके निर्देशन में पीएच.डी. की उपाधि भी प्राप्त की,श्रवण कुमार,नया टोला,बरहरवा ने बी.ए.राजनीति शास्त्र (प्रथम श्रेणी)और एम.ए.(.इतिहास) की डिग्री प्राप्त की। श्रवण कुमाक के अलावा संयुक्त रूप से प्रो. वर्मा के साथ,डा.बी.एन. हांसदा(अवकाशप्राप्त प्राध्यापक, बरहरवा), डा.अमरेन्द्र कुमार (प्राध्यापक,पथरगामा,गोड्डा) डा.महेश पंडित(तेलो,बोरियो), कंचन कुमारी साव (थाना,बरहरवा) बबीता कुमरी (शांतिपाड़ा,पतना) और शोभा भगत (हाटपाड़ा,बरहरवा) और बापन कुमार दास,प्राध्यापक (फरक्का, मुर्शिदाबाद) और रिसर्च स्कालर (बांकुडा वि. वि.,बांकुड़ा,पश्चिम बंगाल) ,सुदीप्त सेन शिक्षक(बर्दवान, पश्चिम बंगाल) आदि के अनेक शोध आलेख विभिन्न शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में भी ये सभी उनके निर्देशन में शामिल हुए और शोध आलेख प्रस्तुत किये। इन्होंने इतिहासकार वर्मा के साथ संताल परगना के विभिन्न जनजातीय गांवों का फिल्ड सर्वे भी किया और इसकी रिपोर्ट प्राकाशित की। इन छात्र-छात्राओं के अलावा जूही कुमारी और कृष्णा घोष (बगदबरा),रूपा कुमारी (बेगम गंज,राजमहल) आदि ने भी इतिहासकार वर्मा के निर्देशन में अपनी शिक्षा पूरी की और अच्छे अंकों के साथ बी.ए.और एम.ए.की डिग्रियां प्राप्त की। जूही कुमारी ने बताया कि ये तमाम और अन्य कई विद्यार्थी इतिहासकार वर्मा के निर्देशन में एस.आर. सी से जुड़े हैं,उनके साथ क्षेत्रीय अध्ययन में शामिल हैं,बेवीनार/सेमिनार में शिरकत करते हैं और नेट और सेट सहित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में सक्रिय रूप से संलग्न हैं।



सौंदर्य

# लिप मास्क थेरपी से होंठों को दें जान

चेहरे की ब्यूटी निखारने के बाद जब बात लिप्स की आती है, तो उसे खूबसूरत बनाने का महिलाओं के पास केवल एक ही जरिया होता है और वह है लिप बाम और लिपस्टिक। मगर लिप्स के लिए इन दिनों एक थेरपी खासी ट्रेंड में है और वह है लिप मास्क थेरपी। इसे किस तरह किया जाता है और इससे लिप्स को किस तरह खूबसूरत बनाया जा सकता है, जानिए...

### क्या है लिप मास्क थेरपी?

आमतौर पर महिलाएं लिप्स की खूबसूरती को निखारने के लिए लिपस्टिक का इस्तेमाल करती हैं। लिपस्टिक का लगातार इस्तेमाल करने से लिप्स की नैचरल ब्यूटी कम होती चली जाती है। उनकी नमी खत्म होती जाती है और वे अपना नैचरल कलर खोने लगते हैं। अगर आप भी गुजर रही हैं कुछ ऐसी ही प्रॉब्लम्स से, तो लिप मास्क थेरपी आएगी आपके खूब काम। इस थेरपी में ऐसी चीजों का इस्तेमाल किया जाता है, जो आपके खोई हुई लिप्स ब्यूटी को वापस लाने में खूब काम आता है।

### सिलिकॉन बेस से तैयार

इस लिप मास्क में सिलिकॉन बेस का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें कॉलेजन प्रोटीन, मिनिरल्स, हाइड्रेटिंग एजेंट, जोजोबा ऑइल वगैरह होता है, जो होठों पर लगाया जाता है। इसे तकरीबन 10 से 15 मिनट लगाए रखते हैं और फिर पील करके उतार दिया जाता है। यह बेस होंठों को नमी देने का काम तो करता ही है, साथ ही उन नर्व्स को मजबूत करता है जो होंठों को ब्लड सकुर्लेट करती है।

### क्यों होती है जरूरत?

लिपस्टिक या लिप बाम में लेड पाया जाता है, जो होंठों पर कालापन व ड्राईनैस ले आता है। लगातार लगाते रहने से लिप्स क्रैक, ड्राई और काले हो जाते हैं। इस समस्या से निजात पाने के लिए लिप मास्क खास काम आता है। ब्यूटीशियन के मुताबिक, इसे हफ्ते या फिर 15 दिन में एक बार करवा लेंगी, तो दो से तीन महीने में ही होंठों की नैचरल ब्यूटी वापस आ जाएगी।

### लगाएं लिप मास्क

आपके लिप्स की स्किन कैसी है, इसको ध्यान में रखते हुए आप लिप मास्क थेरपी करें। होठों के मुताबिक आपको लिप मास्क मिल जाएंगे। इसके लिए अगर आप एक बार ब्यूटीशियन से सलाह ले लें, तो आप सही तरह का लिप मास्क सिलेक्ट कर पाएंगी।

### कैसे करता है काम?

यह लिप मास्क प्लेटिनम फिलर का काम करता है। बायोटीन होठों की त्वचा को एनर्जी देता है और विटमिन होठों के कालेपन को हल्का करते हैं। इसे कुछ देर तक होठों पर लगाने से यह सारे तत्व अपना-अपना काम करके होठों की खोई खूबसूरती लौटाते हैं। यह होंठों को मेकअप से आए साइड इफेक्ट्स से बचाता है। दरअसल, लिप्स में ऑयल ग्रंथियां नहीं होतीं, ऐसे में होठों को नमी के लिए बाहरी ट्रीटमेंट की जरूरत होती है और इसमें लिप मास्क बेहद काम आता है।

# सही पावर बैंक चुनेंगे तो मोबाइल की बैटरी हमेशा रहेगी फुल



तकनीक

क्या आपको भी अपने स्मार्टफोन के बैटरी बैकअप की चिंता सताती रहती है? क्या आप भी अपने फोन पर मनपसंद काम ना कर पाने से अक्सर परेशान रहते हैं। आजकल सब स्मार्टफोन में मूवी, म्यूजिक, गेम्स या फिर सोशल नेटवरकिंग साइट्स पर ज्यादा व्यस्त रहते हैं। जिसके कारण उनके स्मार्टफोन्स की बैटरी जल्दी खत्म हो जाती है। पर अब आप बेफिक्र होकर अपने सभी काम स्मार्टफोन की मदद से कर सकते हैं और वो भी बिना बैटरी की चिंता करे। आइये आज हम आपको बताते हैं पावर बैंक्स के बारे में और यह भी आपको बताएंगे कि पावर बैंक खरीदते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

आज मार्केट में 3 तरह के पावरबैंक्स उपलब्ध हैं-

**1. बिना डिस्प्ले एलईडी वाले**- इस तरह के पावर बैंक्स में डिस्प्ले की जगह 3-4 एलईडी मौजूद होती हैं। जितनी ज्यादा एलईडी जलती है बैटरी में उतना ज्यादा पावर आता है। इस तरह के पावर बैंक्स मार्केट में ज्यादा मौजूद है और कीमत के हिसाब से किफायती भी हैं।

**2. डिस्प्ले के साथ**- इस प्रकार के पावर बैंक्स में एक डिजीटल डिस्प्ले होता है। इसमें बैटरी का स्टेटस दिखता है, इसके ज़रिये हम जान सकते हैं कि बैटरी में अभी कितनी पावर बची हुई है। हालांकि डिस्प्ले बैटरी का स्टेटस मालूम करने का सबसे अच्छा तरीका है लेकिन डिस्प्ले खुद बैटरी की खपत करता है। इसलिए बैटरी बैकअप में कुछ फर्क आ जाता है।

**3. बिना एलईडी और डिस्प्ले वाले**- ऐसे पावर बैंक में ना तो डिस्प्ले होता है और ना ही एलईडी, जिससे पता चल सके की पावर बैंक में कितनी पावर बची है। इस तरह के पावर बैंक सस्ते तो होते हैं लेकिन इस्तेमाल के लिहाज से अच्छे नहीं होते।

**mAh का लोजिक:** मोबाइल बैटरी और पावर बैंक्स दोनों को mAh के ज़रिये आंका जाता है। जहां अभी तक मोबाइल की बैटरी 1000 mAh से लेकर 5000 mAh तक आ रहा है, वहीं 1500 mAh से लेकर 30,000 mAh तक के पावर बैंक्स भी मार्केट में देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में आप अपनी ज़रूरत और अपने फोन की बैटरी के हिसाब से पावर बैंक चुन सकते हैं।

वैसे तो सभी कंपनियां यही दावा करती हैं कि उनका पावर बैंक जल्दी और तुरंत फोन चार्ज करता है लेकिन दावों का क्या है, इसलिए जब कभी पावर बैंक लेने की सोचें तो इन खास बातों का ज़रूर रखें।

### ध्यान

» अगर आपके फोन में 2500 mAh की बैटरी है और आपके पास 10000 mAh का पावर बैंक है तो इसका मतलब ये नहीं है कि वो आपके फोन को दिन में 4 से 5 बार चार्ज कर देगा।

» आपके मोबाइल की बैटरी से कम से कम दुगनी क्षमता का पावर बैंक चुनें, जितने जयादा mAh के पावर बैंक यूज़ किया जाएगा उतनी ज्यादा बार मोबाइल को चार्ज किया जा सकेगा।

» अगर पावर बैंक में ऑटो कट फ़ीचर है तो अच्छा है क्योंकि इससे वो ओवरचार्ज नहीं होता है। और ये ज़्यादा दिन भी चलता है।

» इस बात पर भी ज़रूर ध्यान दें कि पावर बैंक का आउटपुट वोल्टेज आपके स्मार्टफ़ोन के बराबर या उससे ज़्यादा होना चाहिए।

» अगर आप भी मोबाइल पर मूवीज़, गेम, म्यूज़कि का मज़ा ज्यादा लेते हैं तो पावर बैंक लेना आपकी मजबूरी है।


### ऐसे जानें पावर

जब किसी भी गैजट को चार्ज करने की बात आती है तो कैपेसिटी से ज्यादा ज़रूरी करंट खपत होती है। क्योंकि हर फोन की खपत अलग-अलग होती है, इसे भी एक बार चेक कर लें। अपने मोबाइल की करंट कैपेसिटी को जानने के लिए अपने असली मोबाइल चार्जर को चेक कर लें। यदि संभव हो सके तो 2 यूएसबी पोर्ट वाला पावर बैंक ही चुनें। इस सुविधा से आप मोबाइल जल्द चार्ज कर पाएंगे। अगर आपके मोबाइल में चार्जर आउटपुट 2.1ऐ लिखा है तो पावर बैंक 1° आउटपुट वाला ना लें, वो चार्ज करने में ज्यादा समय लेगा तो ऐसे में आप 2.1 वाला पावर बैंक ही खरीदें।

### ब्रांडेड ही चुनें

यूज़र्स को लुभाने के लिए मार्केट में खूबसूरत दिखने वाले कई पावर बैंक्स मौजूद हैं लेकिन खरीदते वक्त ब्रांडेड पावर बैंक ही चुनने में ही भलाई है। सेफ्टी और परफॉर्मेंस को सुधारने के लिए ऐसा मॉडल खरीदें जो ओवर वॉल्टेज प्रोटेक्शन के साथ आता हो। जो ओवर हीटिंग और डिस्चार्ज होने की दिशा में सुरक्षा प्रदान करें। यहां बताई गई सभी बातें आपको किसी ब्रांडेड पावर बैंक में ही मिल सकती हैं। इसलिए कभी भी लोकल और सड़कों पर बिकते पावर बैंक्स को ना खरीदें। उन पर बेशक कई हज़ार द्धद्ध की बैटरी होने की बात लिखी रहती है पर असल में वो खराब क्वॉलिटी की बैटरी के अलावा कुछ नहीं होता है।

# वास्तु के अनुसार सजाएं मेहमानों का कमरा



अतिथि देवो भव भारतीय संस्कृति में अतिथि को भगवान का दर्जा दिया गया है। अत: मेहमान का स्वागत-सत्कार करने की हमारी परम्परा रही है। प्राचीन काल से चली आ रही यह प्रथा आज भी जारी है। अपने आवास का निर्माण करते समय इस बात का ध्यान रखें कि कई कमरों में एक कमरा मेहमान का होना चाहिए। वह कमरा कौन-सा हो, कहां स्थित हो आदि के बारे में वास्तुशास्त्र द्वारा निर्देश इस प्रकार हैं।

» अतिथि को ऐसे कमरे में ठहराना चाहिए, जो अत्यंत साफ व व्यवस्थित हो।

» आप गेस्टरूम को उत्तर-पश्चिम दिशा में बना सकते हैं। यह आपके मेहमानों के ठहरने के लिए सबसे सुविधाजनक दिशा है इसके अलावा दक्षिण पूर्वी दिशा में भी गेस्टरूम बना सकते हैं। उत्तर पूर्वी कोने में एक खिड़की जरूर रखना चाहिए।

» गेस्टरूम को घर की दक्षिण-पश्चिम दिशा में नहीं बनाना चाहिए क्योंकि यह दि?शा केवल घर के स्वामी के लिए होती है।


» मेहमान के कमरे के लिए अलग से एंट्री बनाएं। घर के बीचों-बीच ब्रह्म स्थान खाली हो, तो उत्तर की ओर सीढ़ियां बनवाकर पहली या दूसरी मंजिल पर गेस्ट रूम बनाया जा सकता है।

» अतिथि कक्ष में डेकोरेशन का खास तौर पर ख्याल रखना चाहिए। जहाँ तक हो सके कमरे की सजावट सामान्य हो इस बात का ध्यान रखें।

» मेहमान को जिस कमरे में ठहराया जाए, उस कमरे की दीवारों का रंग हल्का रखें तो बेहतर है।

» जहाँ तक हो सके गेस्टरूम में ही लेटबाथ अटैच बनाए पर यदि यह संभव नहीं हो तो कोशिश करें कि गेस्टरूम के समीप ही कॉमन लेटबाथ की व्यवस्था हो सकें। इससे आपके घर आए मेहमानों को परेशानी नहीं होगी।

» कभी भी गेस्टरूम में भारी लोहे का सामान नहीं रखना चाहिए, इस अवस्था में मेहमान तनाव महसूस कर सकता है।



» कमरे में एक ऐसी अलमारी की व्यवस्था हो, जिसके ऊपरी भाग में मेहमान अपना सामान रख सकें और नीचे के हिस्से में आप ज्यादा उपयोग में न आने वाली वस्तुएँ रख सकते हैं।


» गेस्टरूम को आप गेस्टरूम कम एक्टिविटी रूम भी बना सकते हैं। जिसमें म्यूजिक सिस्टम, होम थिएटर, कम्प्यूटर आदि भी रख सकते हैं। याद रखें इस कमरे में केवल वही सामान रखें, जिसकी जरूरत आपको रोजाना न पड़ती हो या बहुत कम पड़ती हो।

» अतिथि कक्ष में सोफासेट की व्यवस्था करना शुभ है। सोफासेट पर मैरून व हल्के रंग की चादर, दरी या कालीन बिछाएं तो अतिथि खुश रहेगा।

» यदि गेस्टरूम छोटा है तो आप फोल्डिंग बेड, सोफा कम बेड या दो अलग-अलग बेड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे कमरा भरा-भरा भी नहीं दिखेगा व सुविधायुक्त भी रहेगा।

» इस बात का ध्यान रखें कि यह कमरा अन्य बेडरूम के समीप हो, जिससे अतिथि खुद को आपसे अलग न समझ सकें।

# गुस्सा डालता है आपकी सेहत पर बेहद बुरा प्रभाव



क्रोध यानी गुस्सा, यह व्यक्ति की एक ऐसी प्रकृति है। जो परिस्थितियों के मुताबिक मस्तिष्क में उत्पन्न होती है। गुस्से का परिणाम दूसरों के लिए बुरा हो या न हो, लेकिन गुस्सा करने वाले के लिए बहुत ही खतरनाक हो सकता है। क्रोध को हमारे शरीर और सेहत के लिए सबसे बड़ा शत्रु बताया गया है। इसकी वजह से कई बार रिश्ते भी टूट जाते हैं। अगर आपको छोटी-छोटी बातों पर भी गुस्सा आ जाता है तो इस पर काबू करें। वर्ना यह आपकी जिंदगी में कई तरह से जहर घोल सकती है।

### स्वास्थ्य पर असर

वैज्ञानिकों द्वारा किए गए अध्ययनों के मुताबिक, क्रोध आने पर मस्तिष्क में ऐसे रासायनिक तत्व बनते हैं, जिनका शरीर और मन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। आंखें लाल हो जाती हैं तथा हार्ट में जलन हो सकती है। ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। आक्रमक भावनाएं उत्पन्न होती हैं। सोच-समझने की शक्ति कमजोर हो जाती है। तनाव बढ़ता है। लगातार क्रोध करने से पाचन तंत्र कमजोर होता है, जिससे एसिडिटी, कब्ज, भूख नहीं लगना जैसे रोग हो सकते हैं। क्रोध से नींद नहीं आती, जिससे पूरे स्वास्थ्य पर बुरा असर होता है।

### क्रोध को पहचानें

क्रोध को काबू करने के लिए उसे पहचानने की जरूरत होती है। लोगों को टाइप ए और टाइप बी पर्सनालिटी के आधार पर पहचानें। टाइप ए पर्सनालिटी के लोग वे होते हैं। जिनकी किसी वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा ज्यादा तीव्र होती है। ऐसे लोगों को गुस्सा बहुत जल्दी आता है, वह जल्द ही धैर्य खो बैठते है। आप भी इस श्रेणी में आ सकते हैं, अगर आपमें धैर्य की कमी, खाना जल्दी खाना, बैचेनी, काम-काज के दौरान चिड़चिड़ापन, गुस्से के दौरान खुद को नुकसान पहुंचाना आदि ।।

सलाह



### क्रोध पर काबू करने के 4 तरीके

- गुस्से को काबू में करने का यह सबसे बेहतरीन तरीका माना जाता है जो काफी मुश्किल होता है। आप चुप रहे और कुछ भी ना बोले। इससे व्यक्ति गुस्सा आने की स्थिति से बच जाता है।
- योग और ध्यान का सहारा लेना गुस्से पर काबू पाने के लिए लिहाज से काफी फायदेमंद होता है। इसलिए रोजाना ध्यान करने से गुस्से पर हमेशा के लिए काबू पाया जा सकता है। ध्यान से एक व्यक्ति का जीवन शांत और संतुलित हो जाता है और गुस्से पर काबू पा लेता है।
- जहां भी लड़ाई या गुस्से की स्थिति बन रही हो । आप उस जगह से तुरंत हट जाए। इससे व्यर्थ विवाद नहीं होगा और आप गुस्से से भी बच जाएंगे। विवाद या बहस की स्थिति में उस जगह पर रहना क्रोध का कारण बन जाता है।
- जब आपको क्रोध आए तो अपनी आंखों और कानों को बंद कर ले। इससे ये होगा कि लड़ाई जिन कारणों से भी हो रहा है उसे आप ना तो सुन पाएंगे और ना ही देख सकेंगे। इसलिए आपको गुस्सा बिल्कुल भी नहीं आएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136) RNI Title Ref no-1370296, RNI Print Code No -2019096529